## ''तेयुप एवं तेरापंथ महिला मण्डल के जैसा संगठन अन्यत्र कहीं नहीं''

**— आचार्यश्री महाप्रज्ञ**

**बीदासर।**

जयपुर तेरापंथ युवक परिषद के पदाधिकारी एवं अन्य कार्यकर्त्ताओं ने बीदासर तेरापंथ भवन में आचार्यप्रवर के दर्शन कर अपने क्षेत्र में आयोजित होने वाली गतिविधियों का निवेदन किया, पूज्यप्रवर ने 'पहचान' (एक बृहद् मेला) के आयोजन का त्रिवर्षीय रिपोर्ट का अवलोकन करते हुए फरमाया – कुछ नया करने के लिए आजकल उपायों का सहारा लेना अपेक्षित होता है। जयपुर राजस्थान की राजधानी है वहां तो सक्रियता होनी ही चाहिए और उसका प्रभाव सम्पूर्ण भारत में भी फेले किंतु सम्पूर्ण राजस्थान में फैलना ही चाहिए।

कार्यकर्त्ताओं ने आगे निवेदन किया कि – जयपुर में चारों जैन समाज द्वारा चुनाव शुद्धि हेतु विशाल रैली के आयोजन का सारा दायित्व तेरापंथ युवक परिषद को ही देना चाहिए। आचार्यप्रवर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए फरमाया – तेरापंथ में जैसा युवक परिषद और महिला मण्डल का संगठन है वैसा अन्यत्र जैन समाज में कहीं नहीं है।

इस अवसर पर जयपुर कार्यकर्त्ताओं ने तेयपु प्रभारी मुनिश्री दिनेशकुमारजी की भी सेवा की और भावी कार्यक्रमों के विषय में चर्चा कर मुनिश्री से मार्गदर्शन भी प्राप्त किया।